# गायत्री बालिका गृह की जांच तेज, रिपोर्ट का इंतजार

## कलेक्टर उक्त मामले को लेकर गंभीर, तहसीलदार के नेतृत्व में आज फिर से बालिका गृह में पहुंची थी जांच टीम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 नवम्बर। नवजीवन बिहार में संचालित गायत्री बालिका गृह के मामले में जांच प्रक्रिया तेज हो गई है। कलेक्टर के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच टीम आज फिर से गृह केन्द्र पहुंची थी। बालिका गृह केन्द्र में जांच टीम ने क्या-क्या कार्रवाई की इसका पता नही चल पा रहा है।**

गौरतलब है कि नगर निगम के वार्ड क्रमांक 32 नवजीवन बिहार सेक्टर नम्बर 1 में अमृत सेवा संस्थान द्वारा संचालित गायत्री बालिका गृह पर कई सनसनीखेज गंभीर आरोप लगे हैं। पिछले सप्ताह प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड एवं विशेष न्यायाधीश पास्को के द्वारा संयुक्त रूप से गायत्री बालिका गृह का रूटीन निरीक्षण किया गया था। इस दौरान एक बालिका अपनी हाथ




की कलाई में नोकिले धारदार से खरोच ली थी। कलाई में ब्लड को देख न्यायाधीश के द्वारा पूछतांछ की गई, जहां एक-एक बालिकाओं ने चौकाने वाला बयान देकर सबको हैरत में डाल दिया। सूत्र बताते हैं कि बालिका गृह के संचालिका मॉ-बेटी पर मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाई थी। बालिकाओं की पीड़ा एवं व्यथा सुनने के बाद प्रधान मजिस्ट्रेट के द्वारा उक्त मामले की जांच विशेष न्यायाधीश पास्को को निर्देशित किया गया। साथ ही इसकी जानकारी कलेक्टर को दी गई। कलेक्टर ने तहसीलदार सविता यादव के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित किया। जहां उक्त मामले की उच्च स्तरीय जांच चल रही है। जानकारी के अनुसार उक्त मामले में अभी तक प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड एवं विशेष न्यायाधीश पास्को के द्वारा दो बार बालिका गृह में जांच करने पहुंच चुकी हैं। हालांकि इस बार अकेले विशेष न्यायाधीश पास्को ही जांच करने गई थी। हालांकि यह पता नही चल पाया है कि जांच में क्या-क्या हुआ है। इधर कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर जांच टीम दूसरी दफा बालिकाओं के बीच पहुंची थी, जांच टीम ने क्या-क्या पूछतांछ, जांच पड़ताल की है। यह पता नही चल पाया है। हो सकता है कि जांच टीम को बालिकाओं की काउंसलिंग भी करनी थी। कलेक्टर के जांच टीम में शामिल तहसीलदार, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय एवं लेखाधिकारी जिला पंचायत इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रही हैं। इसी लिए अभी तक इसपर किसी जिम्मेदार अधिकारी का बयान नही आ रहा है। हालांकि उक्त मामला इन दिनों काफी चर्चाओं में है और प्रशासन के द्वारा उठाये जा रहे कदम को देख आईसीडीएस अमला भी सख्ते में है।

### आईसीडीएस के डीपीओ भी सवालों में घिरे

गायत्री बालिका गृह के सचांलिका एवं उसकी मॉ-बेटी पर लगे गंभीर आरोप के बीच अब महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सवालों में घिरते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि जब उक्त गृह में स्टाफ नही हैं और निर्धारित मापदण्ड को पूरा नही किया जा रहा है, फिर विगत दो वर्षो से संचालित गायत्री बालिका गृह को हरी झण्डी किसने दिया था। जब यहां स्टाफ नही है, सिर्फ मॉ-बेटी गृह को संचालित कर रही हैं, ऐसे में पूर्व से लेकर वर्तमान डीपीओ भी सवालों में घिरते जा रहे हैं। सवाल किया जा रहा है कि आखिर बिना स्टाफ पूर्ति के उक्त बालिका गृह को संचालित करने की अनुमति कैसे दी गई। इसके अलावा अन्य कई मामला जुड़ा है। ऐसे में डीपीओ की कार्यप्रणाली पर उंगली उठना लाजमी है।

### डीएमएफ फण्ड पर है संचालिका की नजर

सूत्रों के मुताबिक गायत्री बालिका गृह की संचालिका की नजर खनिज प्रतिष्ठान मद पर है। पूर्व में पदस्थ डीपीओ ने अनुशंसा भी किया था। इसके पूर्व भाजपा के एक नेता ने गायत्री बालिका गृह को डीएमएफ फण्ड दिलाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला को पत्राचार भी किया गया था, जिसमें भवन एवं अन्य खर्च के लिए लिखा-पढ़ी की गई थी और तभी से गायत्री बालिका गृह की रूटीन जांच-पड़ताल भी शुरू थी। अधिकारियों के द्वारा भी उक्त बालिका गृह का निरीक्षण भी किया जाता रहा है। लेकिन उस दौरान किसी बालिका ने शिकायत करने का साहस जुटा नही पाई या फिर अधिकारी का ध्यान भी इस ओर नही जा रहा था और अब यही चर्चा है कि गायत्री बालिका गृह की कर्ताधर्ता की नजरें डीएमएफ पर है। हालांकि इसपर अब ग्रहण लगता दिख रहा है।



# बाबूचन्द्र के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

## सासन पुलिस चौकी ने आरोपी को किया गिरफ्तार


नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 नवम्बर। सासन पुलिस चौकी क्षेत्र के काम पश्चिम टोला निवासी एक युवक की मोटरसाइकिल पिछले दिनों अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई।**

जानकारी के अनुसार ग्राम काम निवासी रोहित कुमार बैस पिता राजकुमार बैस की 15 नवम्बर को पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 66 जेडबी 2961 को अज्ञात चोरों ने बाउंड्री के अंदर खड़ी बाईक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। घटना की रिपोर्ट दूसरे दिन की गई। चौकी प्रभारी संदीप नामदेव ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के चौरा टोला निवासी बाबूचन्द्र शाह उर्फ चकरा पिता रामबिदेश शाह उम्र 23 वर्ष के कब्जे से बाईक बरामद हुई। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## एक नजर में

### डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला आज आएंगे सिंगरौली



**सिंगरौली।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का सिंगरौली जिलें में कल दिन गुरूवार 20 नवम्बर को सयम रात्रि 8 बजे आगमन होगा। उपमुख्यमंत्री देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम के परिवार में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर नवदम्पत्ति को अपना सुभाशीष प्रदान करेंगे। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे सिंगरौली से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### दो आंगनवाड़ी केन्द्र मॉडल के रूप में विकशित

**सिंगरौली।** कलेक्टर गौरव बैनल के पहल पर आंगनवाड़ी केन्द्र नगवां क्रमाक 1 एवं नगवां क्रमाक 2 का रिनोवेशन एवं बाल केन्द्रीत पेंटिग का कार्य आदाणी फाउन्डेशन के द्वारा कराया गया है। डीपीओ जीतेन्द्र गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर के पहल पर 10 आंगनवाड़ी केन्द्रों को बाल केन्द्रीत आंगनवाड़ी केन्द्र के रूप में तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन मॉडल आंगनवाड़ी केन्द्रो में रंग बिरंगी पेटिंग के माध्यम से दिवालो पर कविता, गिनती, अंग्रेजी एवं हिन्दी के वर्णमाला उकेरे गये हैं। जिससे की बच्चों को खेल में पढ़ने की रूचि जागृत की जा सके।

### जिले में एसआईआर का कार्य प्रगति पर

**सिंगरौली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनिरीक्षण के कार्य जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रो में नियुक्त किए गये बूथ लेवल अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा जहां प्रति दिवस किए जा रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। साथ ही इस आशय के भी निर्देशित किया कि निर्धारित किए लक्ष्य के अनुसार प्रति दिवस मतदाता सूची के गहन पुनिरीक्षण का कार्य किया जायें।



# हिंडालको महान के प्रोजेक्ट उड़ान के तहत 39 युवाओं को मिला प्लेसमेंट

## कलेक्टर ने युवाओं को दिया जॉब ऑफर लेटर

नवभारत न्यूज

**बरगवां 19 नवम्बर। हिंडालको महान के सीएसआर प्रोजेक्ट उड़ान ने सिंगरौली के 39 युवाओं को कौशल शिक्षा दे कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की अनोखी पहल की है।**

प्रोजेक्ट के तहत युवाओं को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज जिंदल यूनिवर्सिटी में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया गया। तीन महीने के प्रशिक्षण के बाद आज दिन बुधवार को कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया गया, जॉब लेटर मिलते ही युवाओं के चेहरे खुशियों से खिल खिला उठे। इन युवाओं को फिटर फैब्रिकेशन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और डेटा एंट्री ऑपरेटर जैसे तीन उद्योगिक ट्रेडों में प्रशिक्षित किया गया। खास बात यह रही कि प्रशिक्षण पूरा होते ही सभी 39 युवाओं को याकाजी इंडस्ट्रीज, बीकेटी टायर और माइंडजलैब टेक्नोलॉजी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में 17 हजार से 28 हजार रूपये मासिक वेतन के साथ नियुक्ति मिली। इस प्लेसमेंट प्रमाणपत्र और नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन हिंडालको महान के एचआर कम्युनिकेशन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर हिंडालको महान के इकाई प्रमुख एस सेंथिलनाथ, मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा अन्य अधिकारियों ने शिरकत की। वहीं कलेक्टर ने कहा की सीएसआर की यह सराहनीय पहल से युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और स्किल मिले ताकि युवाओं को रोजगार प्राप्त हो, साथ ही बाहर जाकर सीखने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए, सीखेंगे तो आगे बढ़ेंगे।

# न्याय के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर लगाने को मजबूर एएसआई

## लोकायुक्त में झूठा अपराध दर्ज किए जाने का आरोप, पुलिस अधिकारियों का भी एएसआई को नहीं मिल रहा साथ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 नवम्बर। सहायक उप निरीक्षक न्याय पाने के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर लगाने को मजबूर है, फिर भी न्याय नही मिल पा रहा है, बल्कि बदले में कोरा आश्वासन कई महीने से मिल रहा है। मामला लोकायुक्त रीवा से जुड़ा हुआ है। जहां पीड़ित एएसआई अरविन्द द्विवेदी का कहना है कि पुलिस ने झूठा अपराध पंजीबद्ध किया है।**

दरअसल जिले के पुलिस लाईन पचौर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अरविन्द द्विवेदी ने एसपी सिंगरौली के यहां आवेदन देकर लोकायुक्त रीवा पर गंभीर आरोप लगाया है, उन्होंने कहा है कि उनके परिवार के कुछ सदस्यों ने व्यक्तिगत दुर्भावना रखते हुये आय से अधिक की सम्पत्ति होने की शिकायत लोकायुक्त रीवा में वर्ष 2021 में किया था। जांच उपरांत पीड़ित के विरूद्ध आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का अपराध 13 मई 2023 को पंजीबद्ध किया था। एएसआई का आरोप है कि जांच उपरांत 2 नवम्बर 2002 से जांच दिनांक 31 दिसम्बर 2020 तक कुल आय 59,82653 रूपये होना उल्लेख किया गया। इसी अवधि में 52,75078 उल्लेख किया गया। जहां करीबन 7,07575 रूपये आय, व्यय से अधिक है। जांच के अनुक्रम में चेक पीरियड अवधि 21 नवम्बर 2014 से 31 दिसम्बर 2020 तक निर्धारित कर अरविन्द की आय 38,00971 रूपये जोड़ी गई तथा व्यय 52,75078 रूपये जोड़ा जाकर करीब 14,74107 रूपये आय से अधिक सम्पत्ति दिखाकर प्रथम सूचना पत्र दर्ज की गई। उनका आरोप है कि उक्त प्रथम सूचना पत्र में वर्ष 2014 से 2020 तक की कुल 7 वर्ष की आय जोड़ी गई और व्यय 2002 से 2020 तक का जोड़ा गया। वहीं एएसआई की मॉ वर्ष 1999 से पेंशनभोगी है और उन्हीं के साथ रहती है, जिसका उल्लेख लोकायुक्त के प्रथम सूचना पत्र में दर्ज है। अब सवाल उठाया जा रहा है कि लोकायुक्त रीवा के तत्कालीन एसपी एवं विवेचना अधिकारी ने आनन-फानन में एफआईआर कैसे दर्ज कर दिया। इसके पीछे वजह क्या थी, उस पर भी सवाल पूछे-जाने लगे।

### मकान का दोबारा आंकलन कराया तो 12 लाख हुआ

पुलिस विभाग के सहायक उप निरीक्षक अरविन्द द्विवेदी ने लोकायुक्त को सवालों के कटघर्रे में खड़ा करते हुये कहा है कि पूर्व में भी तत्कालीन जांच कर्ता अधिकारी निरीक्षक जिआउलहक द्वारा मेरे मकान गनियारी का वैल्यूवेशन पहले 45 लाख रूपये का कराया था। बाद में इसकी शिकायत लोकायुक्त एसपी के यहां की गई थी। जहां दोबारा निर्धारित गाईड लाईन के तहत मकान का वैल्यूवेशन कराया गया तो 12 लाख रूपये उसका वैल्यूवेशन निकाला गया। इसके अलावा उन्होंने अन्य कई तथ्य प्रस्तुत किया है, जिसको लेकर अब लोकायुक्त की कार्यप्रणाली पर संदेह की उंगली उठने लगी है।

# सीआईआई एक्जिम बैंक बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स से विन्ध्याचल सम्मानित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 19 नवम्बर। एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एक बार फिर बिजनेस उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपनी राष्ट्रीय नेतृत्व क्षमता साबित करते हुए सीआईआई एक्जिम बैंक बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स में लगातार दूसरे वर्ष प्रतिष्ठित प्लैटिनम पुरस्कार हासिल किया है।**




साथ ही परियोजना को जूरी स्पेशल कमेंडेशन से भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान बेंगलुरु में आयोजित 33वें सीआईआई एक्सीलेंस समिट में प्रदान किए गए। यह दोहरी उपलब्धि स्टेशन की उत्कृष्ट प्रणालियों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पुरस्कार वैश्विक मानकों वाले ईएफक्यूएम एक्सीलेंस मॉडल पर आधारित है, जो संगठन के रणनीतिक परिपक्वता, प्रक्रियागत मजबूती और निरंतर प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है। इतने कठोर मूल्यांकन में शीर्ष श्रेणी का सम्मान प्राप्त करना परियोजना की उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति को दर्शाता है। परियोजना की ओर से यह पुरस्कार देबब्रत त्रिपाठी महा. और निलेश नयन वरिष्ठ प्रबंधक ने गर्व के साथ प्राप्त किया।



# नगरीय क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था शुरू

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 नवम्बर।** मौसम में तापमान के गिरावट को देखते हुए शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों में नगर पालिक निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है, जिससे नागरिकों को आवश्यक स्थिति में सुविधाएं मिल सके और कोई ठंड से व्यथित ना हो। गौरतलब है कि निगम द्वारा बेसहारा और जरूरतमंद नागरिकों के लिए रैन बसेरा का संचालन किया जा रहा है, निगमायुक्त सविता प्रधान ने कहा कि शहर के नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता नगर निगम की पहली प्राथमिकता है।

# कंपनी और कम्यूनिटी दोनों समृद्धि की ओर अग्रसर हैं : साईराम

## जयंत परियोजना विस्तार के लिए प्रतिकर वितरण का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 नवम्बर। विकसित भारत की पृष्ठभूमि में देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोयला उत्पादन अनिवार्य है। इसी कड़ी में भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल जयंत परियोजना विस्तार के तहत भू-अर्जन की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।**



आज दिन बुधवार को एनसीएल मुख्यालय में जयंत परियोजना विस्तार के लिए प्रतिकर वितरण का शुभारंभ करते हुए 33 परिवारों को अनुमोदित स्कीम के अनुसार देय प्रतिकर राशि का आंशिक भुगतान अग्रिम राशि के रूप में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमडी एनसीएल बी साईराम ने कहा कि परस्पर विश्वास और सामंजस्य के बदौलत कंपनी और कम्यूनिटी दोनों समृद्धि की ओर अग्रसर होते हैं। प्रतिकर वितरण शुभारंभ को मोरवा वासियों व एनसीएल दोनों के लिए एतिहासिक बताते हुए उन्होंने विभिन्न मंचों के साथ, जनप्रतिनिधियों, राज्य शासन, जिला प्रशासन व हितग्राहियों के निरंतर सहयोग एवं बहूमूल्य सुझावों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। कार्यक्रम में निदेशक मनीष कुमार ने आज के दिन को जयंत विस्तार की दिशा में मील का पत्थर बताया और भरोसा दिया कि आगे भी एनसीएल इसी गति के साथ प्रभावित हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पूर्ण पारदर्शिता के साथ जयंत परियोजना विस्तार पर कार्य करती रहेगी।

# प्रदेश में अंग्रेजों के शासन जैसा माहौल बनाया जा रहा है : पटेल

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 19 नवम्बर। शाउमा विद्यालय कुड़ैनिया के खेल मैदान में आयोजित प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन का मुकाबला रोमांच और राजनीति दोनों का केन्द्र बना।**

खेल आयोजन में पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सरस्वती सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने की। वहीं इस अवसर पर पूर्व सांसद मानिक सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पूर्व मंत्री ने अपने उद्बोधन में खेल मैदान को राजनैतिक मंच बना दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंग्रेजों के शासन जैसा माहौल बनाया जा रहा है। आदिवासियों को जंगलों से बेदखल किया जा रहा है, कोल माइन्स बी-ब्लॉक पर उद्योगपति कब्जा जमाए बैठे हैं। भाजपा सरकार देश को उद्योगपतियों के हाथों गिरवी रख चुकी है और प्रशासन पर भी सवाल उठाए। इस दौरान भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



# स्कूली बैग व स्टेशनरी किट पाकर छात्रों के चेहरे पर खुशी

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 19 नवम्बर। समुदाय विकास के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता के तहत एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा ग्राम बुधेला स्थित वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को 200 स्कूल बैग, स्टेशनरी किट तथा फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन रैकेट-शटल और शतरंज बोर्ड सहित विभिन्न खेल सामग्री वितरित की गई।**



यह विद्यालय अपने अनूठे शैक्षणिक मॉडल के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है, जिसमें बच्चों को एम्बिडेक्स्ट्रस लर्निंग अर्थात दोनों हाथों से समान रूप से लिखने-सिखने का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे उनकी एकाग्रता, दक्षता एवं संज्ञानात्मक विकास में वृद्धि होती है। कार्यक्रम का नेतृत्व बिपाशा देब अध्यक्षा ने किया तथा चित्रलेखा साहा अध्यक्षा के रूप उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय के प्राचार्य बीपी शर्मा ने शिक्षकों एवं स्टाफ के साथ अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया और एनटीपीसी द्वारा समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने में निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# फुटपाथी अतिक्रमणकारियों को आयुक्त की सख्त चेतावनी

## ननि आयुक्त की अगुवाई में बस स्टैंड के आसपास सब्जी, फल की दुकान लगाने वालों के लिए स्थान चिन्हित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 नवम्बर। नगर पालिक निगम की आयुक्त सविता प्रधान के द्वारा आज दिन बुधवार को बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्रो का औचक निरीक्षण कर सड़को के आसपास सब्जी, फल, चाट फुल्की का ठेला लगाने वालों के लिए स्थल निर्धारित कर निर्धारित स्थलों में दुकान लगाने की समझाइस दी गई।**



निगमायुक्त ने उपस्थित व्यापरियों से कहा कि नगर निगम द्वारा आप लोगो के स्थल निर्धारित किया गया है, वहां से ही अपना व्यापार करें। उन्होंने बताया कि सब्जी का विक्रय करने वालो के लिए सब्जी मण्डी में व्यवस्था की गई है, वही अन्य समानो का व्यापर करने वालो के लिए भी स्थल निर्धारित किया गया है। जिसमें चाट फुल्की का ठेला लगाने वाले चौपाटी, मासालो की बिक्री करने वालो सहित मनहारी की दुकान लगाने वालों के लिए भी निगम द्वारा स्थान मुहैया कराया गया। इस संबंध में आयुक्त ने कहा कि व्यापरियों को उनके द्वारा किए जाने वाले व्यावसाय के अनुसार स्थल निर्धारित किया गया है। उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित स्थलो पर ही अपनी दुकाने लगायें, निगम द्वारा उनका पूरा सहयोग किया जायेगा। निगमायुक्त ने कहा कि इस पहल से बस स्टैंड के आसपास सब्जी और फल की दुकानों के लिए एक व्यवस्थित स्थल निर्धारित किया गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य विक्रेताओं को उचित स्थान प्रदान करना और यात्रियों की सुविधा देना है। साथ ही कहा कि ऐसे व्यापारी जिनके द्वारा सड़क पर अतिक्रमण का दुकान लगाये जाने की जानकारी मिलेगी, उनके विरूद्ध अब कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहित निगम का संबंधित अमला मौजूद रहा।